PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

इंतज़ार करने वालों को सिर्फ़ उतना ही मिलता है जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं।
डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | वीरवार, 20 अगस्त, 2026, साल-2, अंक-26, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

अमेजन ने राम मंदिर का प्रसाद बताकर मिठाई बेची!

अयोध्या, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन पर अयोध्या के राम मंदिर प्रसाद का प्रसाद बताकर 4 तरह की मिठाई बेची जा रही थी। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह रकम 15 दिन के अंदर प्राधिकरण में जमा करनी होगी।

नोटिस मिलते ही अमेजन ने इसे प्लेटफार्म से हटा लिया है। प्राधिकरण ने यह भी कहा कि किसी सामान्य मिठाई को राम मंदिर के प्रसाद के रूप में बेचे जाने से करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। प्रसाद बताकर घी के लड्डू, खोया के लड्डू, बूंदी के लड्डू और गाय के दूध से बने पेड़े बेचे जा रहे थे। इनकी लिस्टिंग में इन्हें राम मंदिर का प्रसाद बताया गया था। इसके लिए अमेजन ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से अनुमति नहीं ली थी। चार एंड बेंच के अनुसार, सीसीपीएम की चीफ कमिश्नर निधि खरे और कमिश्नर अनुपम मिश्रा ने 4 अगस्त को ठगी मानते हुए कार्रवाई की थी। इस मामले में अमेजन की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है। अमेजन ने अपने बचाव में कहा, वह केवल एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस है

(शेष पेज 2 पर)

- **सीसीपीएम बोला-ये ठगी, 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया; नोटिस के बाद प्लेटफार्म से प्रोडक्ट हटा**

प्रोडक्ट की लिस्टिंग में धार्मिक चिह्नों का इस्तेमाल किया

ये मामला पहली बार जनवरी, 2024 में सामने आया था। संदू ट्रेडिंग कंपनी ने 'बिहार ब्रदर्स' ब्रांड के नाम से अमेजन पर 4 तरह की मिठाइयां लिस्ट की थीं। इनमें घी के लड्डू लोखा लड्डू, बूंदी लड्डू और गाय के दूध से बने पेड़े शामिल थे। इन प्रोडक्ट्स की लिस्टिंग में धार्मिक तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया था। साथ ही दावा किया गया था कि इन मिठाइयों पर 'श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या का आशीर्वाद' है। सामग्री वाले कॉलम में इन्हें 'राम मंदिर प्रसाद' बताया गया था।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से ठीक पहले हुई थी लिस्टिंग

सीसीपीए के मुताबिक, ये प्रोडक्ट 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से कुछ समय पहले लिस्ट किए गए थे। मामले में 19 जनवरी को शो-कॉज नोटिस मिलने के बाद अमेजन ने इन लिस्टिंग को हटा दिया था। यह शिकायत कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने जनवरी 2024 में की थी।

जम्मू-कश्मीर भारत का एक अहम हिस्सा : राजदूत सर्जियो गोरे

- **कहा-कश्मीर एक बहुत खूबसूरत जगह, अमेरिकी पर्यटकों के लिए इसके दरवाज़े खुल सकते हैं**

श्रीनगर, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोरे ने बुधवार को कहा कि अमेरिका जम्मू-कश्मीर के लिए जारी ट्रैवल एडवाइज़री की समीक्षा करेगा, क्योंकि केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस इलाके को सुरक्षित बनाने के लिए कदम उठाए हैं। राजदूत गोरे बुधवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के दो दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचे। उमर अब्दुल्ला के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अहम हिस्सा और बहुत खूबसूरत जगह है।

गोरे ने कहा, 'अमेरिका ट्रैवल एडवाइज़री जारी करता है और हम समय-समय पर उनकी समीक्षा भी करते हैं। मैं आज यहां कोई बड़ी घोषणा नहीं कर सकता, लेकिन हम निश्चित रूप से इस मुद्दे पर विचार करेंगे।' उन्होंने कहा, 'हमारा मानना ??है कि नई दिल्ली, यहां के मुख्यमंत्री और प्रशासन ने इस इलाके को सुरक्षित बनाने के लिए कुछ बेहतरीन कदम उठाए हैं।

'इसलिए हम इस बात पर विचार करेंगे कि क्या अमेरिका द्वारा जारी ट्रैवल वॉर्निंग का स्तर कम किया जाना चाहिए, क्योंकि जैसा कि मैंने पहले कहा, यह एक खूबसूरत जगह है।

(शेष पेज 2 पर)

- **अमेरिकी राजदूत ने मुख्यमंत्री अब्दुल्ला से उनके आवास पर मुलाकात की**

सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी पर सी.एम. मान ने केंद्र पर साधा निशाना

पंजाब में बीजेपी का कोई आधार नहीं : सीएम मान

- **बीजेपी विरोधियों के खिलाफ अलोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई कर रही है: भगवंत मान**

चंडीगढ़, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

वरिष्ठ 'आप' नेता और पंजाब के सह-प्रभारी सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी को लेकर बीजेपी पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि 'ईडी पार्टी' (बीजेपी) विधानसभा चुनावों से पहले विपक्ष की आवाज़ दबाने के लिए एक बार फिर अपने पुराने अलोकतांत्रिक हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब में कोई राजनीतिक आधार न होने के बावजूद, बीजेपी अपने राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने, डराने और दबाने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है, लेकिन इस तरह की राजनीतिक बदले की भावना 'आप' सरकार को आम लोगों के लिए काम करने से नहीं रोक पाएगी। अपनी सरकार पर बीजेपी के हमलों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमें उन लोगों से ईमानदारी, देशभक्ति या राष्ट्रवाद का कोई सर्टिफिकेट नहीं चाहिए जिन्होंने पंजाब और वहां के लोगों को बेरहमी से लूटा है।

एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'सत्येंद्र जैन जी की गिरफ्तारी राजनीतिक बदले की भावना का स्पष्ट उदाहरण है। केंद्र सरकार विपक्षी

नेताओं को डराने और दबाने के लिए ईडी जैसी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है। जिन्होंने खुद पंजाब को बेचा है, वे आज हमसे सवाल पूछ रहे हैं। यह तरीका लोकतंत्र के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'अपने राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए ईडी, सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करना बीजेपी की पुरानी रणनीति है। दिल्ली में भी ऐसा ही किया गया था, जहां विधानसभा चुनावों से पहले 'आप' के पूरे शीर्ष नेतृत्व को जेल भेज दिया गया था।

वरिष्ठ 'आप' नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ कार्रवाई भी इसी रणनीति का हिस्सा है क्योंकि बीजेपी ऐसे ग्रुप करने की आदी है।' देशभक्ति और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'पंजाब को कांग्रेस या केंद्र सरकार से देशभक्ति का सर्टिफिकेट

(शेष पेज 2 पर)

पंजाब में 5 सितंबर से शुरू होगा 'खेड़ां वतन पंजाब दीयां': भगवंत मान

चंडीगढ़, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब में 5 सितंबर, 2026 से 'खेड़ां वतन पंजाब दीयां' शुरू होगा। यह घोषणा आज चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने की। उन्होंने बताया कि 'खेड़ां वतन पंजाब दीयां' की शुरुआत 5 सितंबर को बठिंडा से होगी और समापन 29 नवंबर को पटियाला में होगा। उन्होंने कहा कि 'खेड़ां वतन पंजाब दीयां' के तहत 9 आयु वर्गों में 28 खेल आयोजित किए जाएंगे। इस बार 10 लाख से ज़्यादा खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। भगवंत मान ने कहा कि 'खेड़ां वतन पंजाब दीयां' में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वालों को क्रमशः 10,000 रुपये, 7,000 रुपये और 5,000 रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं 3 से 15 सितंबर तक और जिला स्तर की प्रतियोगिताएं 20 से 30 सितंबर तक होंगी, जबकि राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं 10 अक्टूबर से 23 नवंबर तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार 'खेड़ां वतन पंजाब दीयां' में 25 से 28 नवंबर तक पैरा स्पोर्ट्स भी आयोजित किए जाएंगे।

सत्कार योजना: रक्षाबंधन पर जारी होगा 3 महीने का भत्ता

9 लाख से अधिक महिलाओं को मिलेगा लाभ

चंडीगढ़, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुख्यमंत्री भगवंत मान 'मावां धीयां सत्कार योजना' (मां-बेटी सत्कार योजना) के तीसरे चरण का आगाज़ रक्षाबंधन के त्योहार के अवसर पर करेंगे। पंजाब सरकार की ओर से रक्षाबंधन के अवसर पर एक राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन महिलाओं को तीन महीने का सत्कार भत्ता जारी किया जाएगा जिनके खातों में अभी तक राशि नहीं पहुंची है।

1 जुलाई से मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना का मानदेय देना शुरू किया गया है। अब तक इस योजना का लाभ लेने के लिए 75.50 लाख महिलाएं पंजीकृत हुई हैं, जिनमें से 51.62 लाख सामान्य वर्ग और 23.88 लाख महिलाएं दलित वर्ग की हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 1 जुलाई को समारोह आयोजित करके यह सत्कार भत्ता देना शुरू किया था और अब तक 65.62 लाख महिलाओं के खातों में पैसे ट्रांसफर किए जा चुके हैं, जबकि 9.88 लाख महिलाओं को यह राशि मिलना बाकी है। इन महिलाओं को रक्षाबंधन के अवसर पर राशि ट्रांसफर की जाएगी। शुरुआती चरण में महिलाओं को तीन महीने

(शेष पेज 2 पर)

पंजाब और हरियाणा सीमा पर किसानों ने प्रदर्शन स्थगित किया

- **4 सितंबर को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ बैठक तय**
- **हरियाणा पुलिस ने बैरिकेड्स हटाना शुरू किया**

खनौरी, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों ने बुधवार को अपने आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की है। यह फैसला हरियाणा के अधिकारियों द्वारा उनकी मांगों पर चर्चा के लिए 4 सितंबर को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ बैठक का प्रस्ताव दिए जाने के बाद लिया गया। यह घटनाक्रम संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) (जो इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहा है) के प्रतिनिधियों और हरियाणा सरकार के अधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद सामने आया। प्रदर्शनकारी खनौरी-दाता सिंह वाला बॉर्डर पॉइंट पर बैठे थे। हरियाणा पुलिस ने 16 अगस्त को 51 किसानों के एक समूह को दिल्ली जाने से रोक दिया था। ये किसान प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में और फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर 228 किलोमीटर लंबी 'किसान बचाओ पैदल यात्रा' कर रहे थे। बुधवार को हुई बैठक के दौरान, अधिकारियों

ने दिल्ली में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बीच बैठक का प्रस्ताव रखा।

वहीं पत्रकारों से बात करते हुए एसकेएम (गैर-राजनीतिक) के नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल 4 सितंबर को किसानों के प्रतिनिधिमंडल से मिलेंगे और उनके मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक तय कराने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। इस आश्वासन के बाद, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने प्रदर्शन को स्थगित करने का ऐलान कर दिया। दूसरी ओर, हरियाणा पुलिस ने पंजाब की ओर से आ रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लगाई गई बहुस्तरीय (मल्टी-लेयर) बैरिकेडिंग को हटाना शुरू कर दिया है।

बच्चों को प्रॉपर्टी से बेदखल कर सकते हैं माता-पिता: सुप्रीम कोर्ट

- **कस-बढ़ती उम्र का मतलब अपमान-असुरक्षा नहीं; हाईकोर्ट का फैसला पलटा**

नई दिल्ली, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार कहा कि बुजुर्ग माता-पिता को अपने घर में सम्मान और सुरक्षा के साथ रहने का अधिकार है। अगर बेटे या बहू का घर में रहना बुजुर्ग के भरण-पोषण या सुरक्षा में बाधा बन रहा है, तो वह उन्हें अपने बच्चों को घर से बेदखल कर सकते हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि बढ़ती उम्र का मतलब अपमान या असुरक्षा के साथ रहना नहीं हैं। सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों के साथ कितना सम्मान और सुरक्षा का व्यवहार करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश लखनऊ के रवि कांत गुप्ता से जुड़े मामले में सुनाया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसमें अपने बेटे और बहू को घर से निकालने के सख्त और जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द कर दिया था।



कोलकाता के होटल में लगी आग से 9 लोगों की हुई मौत

- **मंत्री का दावा-त्वरित कार्रवाई से 80 लोगों की जान बची**

कोलकाता, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मध्य कोलकाता की मिर्जा गालिब स्ट्रीट में स्थित एक जर्जर पांच मंजिला इमारत में मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से चार वर्षीय बच्चे समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और छह अन्य झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, आग रात करीब एक बज कर 45 मिनट पर लगी। आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी भी बचाव अभियान के लिए घटनास्थल पर पहुंचे।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इस पांच मंजिला इमारत से 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। दमकल मंत्री कौशिक चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घटनास्थल का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि मृतकों में भारतीय और बांग्लादेशी, दोनों नागरिक दोनों शामिल हैं। चौधरी ने कहा, ''हम मृतकों की शिनाख्त की कोशिश कर रहे हैं। इमारत के अंदर की स्थिति बहुत खराब है। इस इमारत में कई होटल हैं।

यहां जो कुछ चल रहा था, उसे देखकर मैं स्तब्ध हूं।'' आग लगने के कारण के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि यह शॉर्ट सर्किट की वजह से हो सकती है, लेकिन फॉरेंसिक जांच से ही पता चल पाएगा कि आग किस वजह से लगी। मंत्री ने कहा, 'इमारत प्रबंधन ने बुनियादी सुरक्षा और निर्माण मानदंडों का पालन नहीं किया। आरोप है कि होटल के संचालन में कई अनियमितताएं थीं।' उन्होंने बताया कि घायलों को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

(शेष पेज 2 पर)

अवैध हथियारों और 8.5 किलो हेरोइन के साथ 9 लोग गिरफ्तार

- **12.95 लाख रुपये की संदिग्ध ड्रग मनी और चार जिंदा कारतूस बरामद**

अमृतसर, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने ड्रग्स और अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले तीन कथित नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनसे आठ अवैध पिस्तौल, 8.536 किलो हेरोइन, 12.95 लाख रुपये की संदिग्ध ड्रग मनी और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि कमिश्नरेट पुलिस की टीमों द्वारा की गई अलग-अलग जांच के दौरान ये सफलताएं मिलीं। शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी कथित तौर पर विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में थे और दूसरे अपराधियों को सप्लाई करने से पहले अवैध हथियारों और हेरोइन की खेप ले रहे थे।

बरामदगी से जांचकर्ताओं को ड्रग्स और हथियारों की तस्करी और वितरण में शामिल बड़े नेटवर्क का पता लगाने में मदद मिली है। यादव ने कहा कि इस संबंध में कैंटोनमेंट और छेरटा पुलिस स्टेशनों में तीन अलग-अलग एफ़आईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस अब सप्लायर्स, हैंडलर्स और इस कथित काम में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए नेटवर्क के आगे और पीछे के लिंक की जांच कर रही है।

लुधियाना में पिज़्ज़ा आउटलेट पर दो लोगों ने की फ़ायरिंग

लुधियाना, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

लुधियाना में दो अज्ञात लोगों ने एक पिज़्ज़ा आउटलेट पर फ़ायरिंग की। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात भाई रणधीर सिंह नगर इलाके में हुई। सोशल मीडिया पर सामने आए फ़ायरिंग के सीसीटीवी फ़ुटेज में दो लोगों को दुकान पर फ़ायरिंग करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो क्लिप में, आउटलेट में कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति गोली चलने की आवाज़ सुनकर खड़ा होता और सुरक्षित जगह की ओर जाता हुआ दिखाई देता है।

पुलिस ने कहा कि मामले की जांच चल रही है और वे हमलावरों की पहचान करने के लिए इलाके के सीसीटीवी फ़ुटेज की जांच कर रहे हैं। इसके बाद

हेट स्पीच का मामला

कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

- **गिरफ्तारी वारंट के पालन की रिपोर्ट 28 अगस्त को सौंपने का आदेश**

कल्याणी (पश्चिम बंगाल), 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की एक अदालत ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया, क्योंकि वह अदालत के सामने पेश होने के आदेश का पालन करने में विफल रहीं।

कृष्णानगर अदालत ने यह भी आदेश दिया कि मोइत्रा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के पालन की रिपोर्ट 28 अगस्त को अदालत में पेश की जाए।

मोइत्रा के खिलाफ महिलाओं का अपमान करने और नफरत फैलाने वाले भाषण (हेट स्पीच) देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया था, जिसके लिए अदालत ने उन्हें पहले समन भेजा था। के खिलाफ तुरंत गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाए। न्यायाधीश ने मंगलवार को टीएमसी सांसद को अगले दिन अदालत में पेश होने का आदेश दिया था, लेकिन पाया कि वह मौजूद नहीं थीं। अदालत ने कहा, 'इस अदालत के आदेश का लगातार पालन न करना... यह दिखाता है कि आरोपी का अदालत के आदेशों का पालन करने के प्रति लापरवाह रवैया है और इसलिए इस अदालत के पास उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। सांसद के वकील ने

दिल्ली के सीएनजी स्टेशन पर हादसा

ट्रक में गैस भरते ही गैस सिलेंडर में हुआ जोरदार ब्लास्ट, 3 लोगों की मौत

नई दिल्ली, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

बाहरी दिल्ली के टिकरी कलां क्षेत्र में एक सीएनजी स्टेशन पर गैस भरते समय एक ट्रक का गैस सिलेंडर फटने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने बताया कि तीनों मृतक सीएनजी स्टेशन के कर्मी हैं।

अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि अधिकारी ने कहा कि ट्रक के आसपास खड़े छह लोग विस्फोट की चपेट में आ गए। पुलिस के मुताबिक, मनीष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सन्नी और चार अन्य लोगों को निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सन्नी की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीसरे मृतक की पहचान की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि तीन घायलों की हालत गंभीर है।

'आप' सरकार श्री गुरु रविदास जी महाराज के 'आदर्श समाज' के सपने को साकार कर रही है: सीएम मान

हमारी सरकार श्री गुरु रविदास जी महाराज के महान जीवन, दर्शन और शिक्षाओं को हर घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

संगरूर, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज मस्तुआणा साहिब में श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित कीर्तन दरबार में संगत के साथ माथा टेका और गुरु साहिब के महान जीवन, दर्शन एवं पवित्र शिक्षाओं को हर घर तक पहुंचाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि गुरु जी महाराज का भाईचारे, समानता और स्वाभिमान का सार्वभौमिक संदेश एक आदर्श समाज के निर्माण के प्रयासों में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को लगातार मार्गदर्शन दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब भर में श्री गुरु रविदास जी महाराज का 650वां प्रकाश पर्व व्यापक स्तर पर मनाने के लिए 100 करोड़ रुपये आरक्षित किए गए हैं।

सर्वशक्तिमान परमात्मा से आशीर्वाद मांगते हुए मुख्यमंत्री मान ने पंजाब की चढ़दी कला, खुशहाली और प्रत्येक परिवार की तरक्की के लिए अरदास की। उन्होंने दोहराया कि सरकार सभी की भलाई तथा गुरु साहिबानों और शहीदों की महान विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगी।

इस पवित्र समागम की कुछ झलकियां साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'आज मुझे मस्तुआणा साहिब में श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशाल कीर्तन दरबार में नतमस्तक होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गुरु साहिब का सर्वसांझीवालता और समानता का

- **100 करोड़ रुपये के बजट से पंजाब भर में व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है श्री गुरु रविदास जी महाराज का 650वां प्रकाश पर्व: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान**

संदेश हमारी सबसे बड़ी ताकत है।'

उन्होंने अपनी पोस्ट के अंत में लिखा, 'हमारी सरकार गुरु साहिबानों और शहीदों के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। गुरु घरों और प्रकाश पर्व समारोहों से संबंधित कार्यों के लिए सरकारी खजाने के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। मैं वाहेगुरु के समक्ष अरदास करता हूं कि पंजाब हमेशा खुशहाल और चढ़दी कला में रहे तथा प्रत्येक परिवार अधिक से अधिक तरक्की करे।' नगर कीर्तन के अवसर पर संगत को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'आज हम सभी के लिए बहुत ही शुभ दिन है, क्योंकि श्री गुरु रविदास जी महाराज का 650वां प्रकाश पर्व मनाने के लिए यह समागम आयोजित किया जा रहा है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें यह सेवा निभाने का अवसर मिला है। कीर्तन समागम के दौरान रागी जत्थों ने श्री गुरु रविदास जी महाराज की पवित्र गुरबाणी का गायन कर संगत को निहाल किया।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस समागम का मुख्य उद्देश्य गुरु साहिब के सामाजिक समानता और प्रभु भक्ति के पवित्र संदेश का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना है। श्री गुरु रविदास जी महाराज ने अपना पूरा जीवन समाज के दबे-

कुचले और हाशिए पर धकेले गए वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने में लगा दिया तथा मानवता को जातिगत भेदभाव और सामाजिक असमानता जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया।' मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'पंजाब सरकार की सोच ऐसे समागमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को श्री गुरु रविदास जी महाराज की महान शिक्षाओं से जोड़ना है, ताकि वे समानता पर आधारित समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि यह समागम सही अर्थों में श्री गुरु रविदास जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि है।'

समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों की समस्याओं को दूर करने के लिए अथक मेहनत करने का प्रण लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमारी सरकार गरीब से गरीब व्यक्ति की भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए कई अनूठी पहल की जा रही हैं। श्री गुरु रविदास महाराज जी ने सर्वत के भले और समाज के सभी वर्गों की समानता का संदेश दिया। उन्होंने ऐसे आदर्श और समस्याओं से मुक्त समाज की कल्पना की, जहां किसी को भी कोई दुख न झेलना पड़े।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'मेरी सरकार श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं और दर्शन पर आधारित समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री गुरु रविदास महाराज जी का जीवन और शिक्षाएं मानवता को समानता पर आधारित समाज बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं। श्री गुरु रविदास महाराज जी समाज के गरीब और पिछड़े वर्गों के महान आध्यात्मिक मार्गदर्शक एवं मसीहा थे और उन्होंने हमें नेक तथा सदाचारी जीवन जीना सिखाया।'

उन्होंने कहा, 'यह प्रकाश पर्व ऐसे समाज के निर्माण के कार्य के लिए स्वयं को समर्पित करने का अवसर है, जहां प्रत्येक मनुष्य बिना किसी भेदभाव के स्वाभिमान के साथ जीवन व्यतीत करे।' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को अभूतपूर्व ढंग से मना रही है। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार सौभाग्यशाली थी कि हमें श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को मनाने का अवसर मिला, जिसके लिए कई समागम आयोजित किए गए। इसी संदर्भ में श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर राज्य विधानसभा का विशेष सत्र भी आयोजित किया गया था।'

उन्होंने कहा, 'अपनी शिक्षाओं के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी महाराज ने जात-पात के भेदभाव और सामाजिक असमानता के खिलाफ बेबाकी से आवाज बुलंद की तथा मानवता को शांति, दया, समानता और सम्मान का मार्ग दिखाया। श्री गुरु रविदास जी महाराज का जन्म उस समय हुआ जब समाज जात-पात में बुरी तरह जकड़ा हुआ था और ऊंच-नीच तथा बड़े-छोटे के निराधार भेदों में बंटा हुआ था। समाज को बांटने का प्रयास करने वाली ताकतों के खिलाफ एक नवचेतना की लहर उठी, जो बाद में भक्ति आंदोलन के रूप में प्रसिद्ध हुई।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'अपनी वाणी के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी महाराज ने ऐसे वर्ग-विहीन समाज की कल्पना की थी, जिसमें कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे। श्री गुरु रविदास जी महाराज ने लोगों को सामाजिक असमानताओं की खोखली धारणाओं को नकारने और पक्षपात को दूर करने का संदेश दिया।'

उन्होंने कहा, 'पंजाब सरकार श्री गुरु रविदास जी महाराज के सपने के अनुसार खुशहाल और समानता पर आधारित समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।' मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे कहा, 'पंजाब की धरती बहुत उपजाऊ है और इस पर नफरत तथा वैर के अलावा कुछ भी उग सकता है। पंजाब उन महान गुरुओं, संतों और पैगंबरों की पवित्र धरती है, जिन्होंने हमें आपसी प्रेम और संतोष का रास्ता दिखाया।'

उन्होंने कहा, 'इस भाईचारे और प्रेम की कड़ियों को तोड़ने के लिए कई लोगों ने प्रयास किए, लेकिन यह धरती पवित्र है, इसलिए ऐसे घृणित मंसूबे निष्फल साबित हुए।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'पंजाब में भाईचारे, सद्भाव और शांति के बंधन बहुत मजबूत हैं, क्योंकि लोग सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाते हैं। पंजाब धार्मिक सद्भाव की धरती है और यहां विभाजनकारी ताकतें कामयाब नहीं होंगी। पंजाबियों के सामाजिक संबंध बहुत मजबूत हैं और वे हमेशा अच्छे और बुरे समय में एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। इसलिए विभाजनकारी ताकतों के नापाक मंसूबे यहां कभी सफल नहीं हो सकते। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह चीमा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। भगवंत मान सरकार श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को वर्षभर चलने वाले कीर्तन समागमों, सेमिनारों, डॉक्यूमेंट्री शो, ड्रोन शो और शोभायात्रा के माध्यम से मना रही है।

650वें प्रकाश पर्व समारोहों के तहत विभिन्न शहरों में विशेष कीर्तन समागम आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालयों में सेमिनार करवाए जा रहे हैं तथा पंजाब के सभी 13,000 गांवों में 50 मोबाइल वैन के माध्यम से डॉक्यूमेंट्री शो आयोजित किए जा रहे हैं। ड्रोन शो भी करवाए जा रहे हैं।

जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता : मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री ने ऊना में की जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता

ऊना, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों द्वारा उठाए गए मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। लोगों से जुड़े मामलों के निवारण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करें।

ये बुधवार को जिला परिषद सभागार, ऊना में आयोजित जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े जनहित के मुद्दों, विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं तथा जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने समिति सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि जिले में पटवारखानों तथा नवगठित पंचायतों के पंचायत घरों के निर्माण से जुड़े मामलों की विशेष समीक्षा के लिए बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में पटवारखानों से संबंधित मामलों को लेकर एक समेकित प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें उन स्थानों का पूरा विवरण शामिल हो जहां पटवारखानों के भवनों का निर्माण किया जाना है तथा जहां नए पटवारखाने खोलने के प्रस्ताव हैं। उन्होंने नवगठित पंचायतों के पंचायत घरों के निर्माण से संबंधित भूमि मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर देखने के निर्देश दिए। जहां भूमि उपलब्धता, हस्तांतरण अथवा अन्य प्रशासनिक पेचीदगी है, वहां संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान सुनिश्चित किया

जाए। पंचायतों में प्रधान की भूमिका पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचित प्रधान की भूमिका और अधिकारों का सम्मान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्वाचित प्रधान के अधिकारों पर किसी अन्य व्यक्ति का हस्तक्षेप उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पंचायत में महिला प्रधान निर्वाचित हैं तो किसी अन्य व्यक्ति द्वारा स्वयं को प्रधान समझकर पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। प्रधान चाहे महिला हो या पुरुष, वह निर्वाचित प्रतिनिधि है और पंचायत की व्यवस्था में उसकी भूमिका एवं अधिकारों का सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

आवश्यकता और फिजिबिलिटी के आधार पर नए बस रूटों पर होगा विचार

बस रूटों से संबंधित विभिन्न मांगों पर चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जहां वास्तविक आवश्यकता होगी, वहां बस सेवा उपलब्ध करवाने के लिए सरकार तैयार है। उन्होंने कहा कि नए रूट के लिए फिजिबिलिटी तथा पर्याप्त सवारियों की उपलब्धता को भी ध्यान में रखना जरूरी है, ताकि बस सेवा व्यवहारिक एवं टिकाऊ रहे। उन्होंने एम्स बिलासपुर और श्री चिंतपूर्णी के लिए शुरू की गई बस सेवा के सफल संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने नए बस रूटों के संबंध में प्राप्त सुझावों का विभागीय स्तर पर परीक्षण कर आवश्यकता एवं व्यवहारिकता के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रामपुर-संतोषगढ़ पुल के निर्माण से जुड़े मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पुल के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

बाबा बाल जी महाराज आश्रम मार्ग पर लाइटिंग के निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने नगर निगम ऊना के अधिकारियों को ऊना-हमीरपुर मार्ग पर बाबा बाल जी महाराज आश्रम के गेट तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी से पहले स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

लता मंगेशकर कला केंद्र के संचालन के लिए आत्मनिर्भर मॉडल पर विचार

लता मंगेशकर कला केंद्र के रखरखाव एवं संचालन से जुड़े विषय पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र को आत्मनिर्भर संचालन मॉडल पर चलाने की संभावनाओं पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने वर्षभर बुकिंग सुनिश्चित करने तथा संचालन किसी उपयुक्त संस्था अथवा एजेंसी को सौंपने सहित विभिन्न विकल्पों पर विचार करने की बात कही, ताकि केंद्र का बेहतर रखरखाव हो और इसका संचालन टिकाऊ तरीके से किया जा सके।

ऊना अस्पताल में मरीजों की देखभाल और सुविधाओं पर जोर

बैठक में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने ऊना अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा अस्पताल परिसर की बाउंड्री वॉल से संबंधित मुद्दे उठाए। उन्होंने चिकित्सकों के अवकाश पर जाने के दौरान मरीजों की देखभाल से जुड़े विषय पर भी ध्यान आकर्षित किया।

जेनिसिस इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं के लिए एनडीए एवं एसएसबी तैयारी की नई पहल

पैग़ाम-ऐ-जगत/इन्दी
19 अगस्त (प्रवीण बालिया)

जेनिसिस इंटरनेशनल स्कूल, गौरगढ़, इन्दी ने छात्राओं को विभिन्न प्रतिष्ठित करियर क्षेत्रों के लिए बेहतर एवं समग्र तैयारी उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विद्यालय ने इम्पैक्ट डिफेंस एकेडमी के साथ शैक्षणिक

- **इम्पैक्ट डिफेंस एकेडमी के साथ शैक्षणिक समझौता, नीट एवं जेईई के साथ अब एनडीए-एसएसबी की समग्र तैयारी भी**

सहयोग के तहत एनडीए प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की है। इस पहल के माध्यम से अब छात्राओं को नीट एवं जेईई की तैयारी के साथ-साथ एनडीए एवं एसएसबी की विशेष तैयारी की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

छात्राओं के लिए विशेष रूप से संचालित यह आवासीय एवं दैनिक आवागमन आधारित विद्यालय पहले से ही चिकित्सा एवं अभियांत्रिकी जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने की इच्छुक छात्राओं को नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं तैयारी की सुविधाएं प्रदान कर रहा है। एनडीए प्रशिक्षण केंद्र के जुड़ने से रक्षा सेवाओं में करियर बनाने की इच्छुक छात्राओं के लिए भी एक नया और महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध होगा।

इस शैक्षणिक सहयोग के अंतर्गत छात्राओं को एनडीए एवं अन्य रक्षा प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी, एसएसबी मार्गदर्शन, समूह चर्चा, प्रभावी संवाद, आत्मविश्वास निर्माण, शारीरिक दक्षता,

व्यक्तित्व विकास, दल भावना एवं जीवन कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्राओं को केवल लिखित परीक्षा के लिए तैयार करना नहीं, बल्कि उनमें रक्षा सेवाओं के लिए आवश्यक नेतृत्व क्षमता एवं समग्र व्यक्तित्व का विकास करना है। इस अवसर पर जेनिसिस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक श्री जितेंद्र सिंह, इम्पैक्ट डिफेंस एकेडमी की ओर से लेफ्टिनेंट कर्नल पीयूष बहुगुणा, ब्रिगेडियर संदीप रावत एवं कैप्टन आर.सी. मुनी तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या अंकिता सहित अन्य गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इम्पैक्ट डिफेंस एकेडमी के अनुभवी रक्षा अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की टीम छात्राओं को एनडीए एवं एसएसबी की तैयारी के साथ-साथ साक्षात्कार मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास एवं रक्षा सेवाओं में करियर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण और निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करेगी। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद, शारीरिक दक्षता, दल भावना और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर जेनिसिस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक श्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जेनिसिस में हमारा प्रयास है कि छात्राओं को उनकी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुसार विभिन्न प्रतिष्ठित करियर विकल्पों के लिए मजबूत आधार प्रदान किया जाए। नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ अब एनडीए एवं एसएसबी की समग्र तैयारी की सुविधा भी छात्राओं को उपलब्ध होगी। हमारा उद्देश्य उन्हें चिकित्सा, अभियांत्रिकी और रक्षा सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने सपनों को साकार करने के लिए बेहतर मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करना है।

आवासीय एवं दैनिक आवागमन आधारित वातावरण में छात्राओं को सर्वांगीण विकास के अवसर उपलब्ध कराने वाला जेनिसिस इंटरनेशनल स्कूल अब नीट, जेईई के साथ एनडीए एवं एसएसबी की तैयारी को भी अपने करियर-केंद्रित शैक्षणिक दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहा है। इस पहल से रक्षा सेवाओं में करियर बनाने का सपना देखने वाली छात्राओं को विद्यालय स्तर पर ही उचित मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण मिलने की उम्मीद है।

दो घंटे की बारिश ने खोली नगर निगम की पोल, प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सड़क पर उतरकर अधिकारियों को लगाई फटकार

पैग़ाम-ऐ-जगत
चंडीगढ़ (हरमिंदर नागपाल)

चंडीगढ़ में कल हुई करीब दो घंटे की बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। शहर की कई सड़कों पर जलभराव और बदहाल व्यवस्था को देखते हुए प्रशासक गुलाब चंद कटारिया खुद सड़क पर उतरे और मौके पर अधिकारियों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कड़ी फटकार लगाई। प्रशासक का इस तरह आम लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनना शहरवासियों के लिए चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने भी अपनी परेशानियां सीधे उनके सामने रखीं। लंबे समय बाद किसी प्रशासक को इस तरह सड़क पर उतरकर आम

जनता की समस्याओं को करीब से सुनते देख लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

प्रशासक के सख्त रुख के बाद नगर निगम के अधिकारियों में भी हलचल तेज हो गई है। शहरवासियों को उम्मीद है कि बारिश से सामने आई समस्याओं पर अब तेजी से कार्रवाई होगी और चंडीगढ़ की सड़कों तथा जल निकासी व्यवस्था में जल्द सुधार देखने को मिलेगा।

आपसी सांझ और पंजाबी संस्कृति का प्रतीक है तीयां का त्योहार : हरमनप्रीत सिंह प्रिंस

एस.ए.एस. नगर, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

लवली चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नगर कौंसिल मोहाली के पूर्व सीनियर उप प्रधान एडवोकेट हरमनप्रीत सिंह प्रिंस और नगर निगम की काउंसलर बीबी इंद्रप्रीत कौर प्रिंस की अगुवाई में फेज 3बी1 में तीयां के त्योहार को समर्पित एक शानदार समारोह करवाया गया।

समारोह में बड़ी संख्या में माताओं, बहनों और बच्चियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत तंबोला और विभिन्न मनोरंजक खेलों के साथ हुई। इसके बाद पंजाबी लोक गीतों, तीयां की बोलियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान पारंपरिक पंजाबी परिधान में सजी फेज 3 बी 1 की महिलाओं और बच्चियों ने तीयां के कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह के दौरान इलाके की बच्चियों और माताओं द्वारा सोलो गायन, गीत और डांस की प्रस्तुतियां दी गईं। इसके अलावा कई मशहूर पंजाबी गायकों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन करके उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। एंकरों द्वारा तीयां के त्योहार से संबंधित बोलियां, टप्पे और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां करवाई गईं। चरखा कातने और पंजाबी प्राचीन जीवन-शैली से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी को पंजाबी विरासत और तीयां के त्योहार के महत्व से अवगत करवाने का संदेश दिया गया। इस मौके संबोधन करते हुए एडवोकेट हरमनप्रीत सिंह प्रिंस ने कहा कि तीयां का त्योहार आपसी भाईचारे की सांझ और पंजाबी संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 3बी1 के लोगों, खास करके माताओं और बहनों ने उनके परिवार को बहुत बड़ा प्यार और आशीर्वाद दिया है और म्युनिसिपल कौंसिल के चुनाव में उनका भरपूर साथ देते हुए इंद्रप्रीत कौर प्रिंस को मिसाली जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इलाके में ऐसे लोक-भलाई और सांस्कृतिक समारोह जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि तीयां के कार्यक्रम के अलावा मेडिकल कैंप, लोहड़ी समारोह, कीर्तन दरबार और जागरण जैसे कार्यक्रम भी करवाए जाते रहेंगे। अंत में बीबी इंद्रप्रीत कौर प्रिंस द्वारा समारोह में पहुंचे सभी मेहमानों, माताओं, बहनों और बच्चियों का धन्यवाद किया गया। इस दौरान सुखप्रीत कौर सिद्धू मिसेज तीज और रविया कौर मिस तीज के रूप में विजेता रही। उनके साथ-साथ विभिन्न मुकाबलों और प्रस्तुतियों में विजेता रहे प्रतिभागियों को हरमनप्रीत सिंह प्रिंस और इंद्रप्रीत कौर प्रिंस द्वारा इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके अन्य के अलावा रिशु बंसल, रैटम रंधावा, सुलेखा, रजनी, रोजी गोयल, बलविंदर कौर, पूनम खट्टर, मनजीत कौर, सुखविंदर कौर, सुमन, प्रभलीन कौर, कमलजीत कौर भी हाजिर थीं।

पेज एक का शेष

अमेजन ने राम...

और प्रोडक्ट की लिस्टिंग, कीमत तय करने, ट्रिटेल देने या बिक्री में उसकी सीधे तौर पर कोई भूमिका नहीं थी। कंपनी ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत मिलने वाले 'सेफ हार्बर' संरक्षण का भी हवाला दिया। सीसीपीएम ने अमेजन की दलीलों को खारिज कर दिया। कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 अलग-अलग कानूनी दायित्व तय करते हैं। कोई मार्केटप्लेस इकाई आर्टी एक्ट के तहत अपनी मध्यस्थ की स्थिति का हवाला देकर उपभोक्ता संरक्षण संबंधी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकती, जबकि वह अपने प्लेटफॉर्म पर होने वाले लेनदेन से व्यावसायिक लाभ कमा रही हो।

जम्मू-कश्मीर भारत...

मुझे लगता है कि कई अमेरिकी जम्मू-कश्मीर आना चाहेंगे और इसकी खूबसूरती देखना चाहेंगे और यहां मौजूद अवसरों के बारे में जानना चाहेंगे।' श्रीनगर पहुंचने के तुरंत बाद, गोरे ने मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मुलाकात की। 'मैं यहां आकर बहुत उत्साहित हूं। हमारी अभी बहुत अच्छी बातचीत हुई। कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हम वाशिंगटन और नई दिल्ली के सामने उठाना चाहते हैं। यह बहुत सौहार्दपूर्ण बैठक थी। हम इस रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।' उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने गोरे के साथ नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों पर चर्चा की, जिसमें जम्मू-कश्मीर पर विशेष ध्यान दिया गया।

उन्होंने कहा, 'यह बहुत अच्छी बैठक थी। हमें दोनों देशों के बीच संबंधों पर चर्चा करने का मौका मिला, जिसमें इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया कि अमेरिका जम्मू-कश्मीर में क्या कर सकता है।'

'जाहिर है, कुछ पुराने मुद्दे हैं जिन्हें हम समय के साथ सुलझाने की कोशिश करेंगे। लेकिन हम इस बातचीत को जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। यह राजदूत गोरे और वाशिंगटन के बीच, और मेरे और नई दिल्ली में केंद्र सरकार के बीच होगी।' उमर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में अमेरिका और जम्मू-कश्मीर के बीच संबंध 'अधिक व्यापक और मजबूत' होंगे।

पंजाब में बीजेपी...

लेने की जरूरत नहीं है। पंजाबियों ने राष्ट्रीय तिरंगे के हर रंग को बढ़ाने के लिए अनगिनत बलिदान दिए हैं और बीजेपी या केंद्र सरकार को हमें इस बारे में कोई सबक सिखाने की जरूरत नहीं है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह पार्टी पंजाब और पंजाबियों की देशभक्ति पर सवाल उठाकर बार-बार निचले स्तर के हथकंडे अपना रही है।'

सत्कार योजना: रक्षाबंधन...

(जुलाई से सितंबर तक) का सत्कार भत्ता एक साथ दिया जा रहा है। रक्षाबंधन के त्योहार पर करीब 348 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में भेजे जाने हैं।

पंजाब सरकार अब तक इस योजना के तहत महिलाओं के खातों में करीब 2,275 करोड़ रुपये भेज चुकी है।

वर्तमान पंजीकरण के हिसाब से इस योजना पर सालाना 10,492.80 करोड़ रुपये का खर्च आएगा, जो प्रति माह 874.40 करोड़ रुपये बनता है। औसतन देखें तो महिलाओं को रोजाना 28.74 करोड़ रुपये का सत्कार भत्ता मिलेगा। जानकारी के अनुसार, इस योजना के लिए महिलाओं का पंजीकरण 75.50 लाख पर रुक गया है, जबकि इस योजना का लाभ 90 लाख महिलाओं को मिलने का अनुमान लगाया गया था। पंजाब में महिला मतदाताओं की संख्या एक करोड़ से अधिक है। बड़ी संख्या में महिलाएं अभी इस योजना से नहीं जुड़ी हैं। अगस्त महीने में इस योजना के लिए नया पंजीकरण काफी धीमा हो गया है। इस योजना के तहत सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपये और दलित वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह सत्कार भत्ता दिया जा रहा है।

कोलकाता के होटल...

एक पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'घने धुएं के कारण दमकलकर्मियों के लिए सीढ़ियों से ऊपरी मंजिलों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा था। नौ लोगों की मौत हो चुकी है और मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है।''

उन्होंने कहा, 'फंसे हुए लोगों को बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। आग पर काबू पा लिया गया है और अब घटनास्थल पर प्रशीतन अभियान जारी है।'' पश्चिम बंगाल अग्निशमन विभाग का मुख्यालय होटल की इमारत के पास ही स्थित है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि इमारत का मालिक फिलहाल फरार है। उन्होंने कहा, '' इस संबंध में न्यू मार्केट थाने में मामला दर्ज किया जा रहा है और मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।''

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इमारत के मालिक का पता लगाने के लिए उसके आवास पर छापेमारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी घटनास्थल पर जा सकते हैं।

सिंघवा राघो में ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं छायाचित्रों की प्रदर्शनी का दूसरा दिन

करीब 210 विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मंडल द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिंघवा राघो में 18 से 19 अगस्त 2026 तक आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं छायाचित्रों की प्रदर्शनी का आज बुधवार को दूसरा एवं अंतिम दिन रहा। इस अवसर पर

- **स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की गाथाओं से रूबरू हुए विद्यार्थी**

आसपास के विद्यालयों से आए करीब 210 विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वतंत्रता संग्राम तथा स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी का समापन सरपंच प्रतिनिधि नरेश नारू ने किया।

सरपंच प्रतिनिधि नरेश नारू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की ऐतिहासिक प्रदर्शनी का आयोजन सराहनीय पहल है। इससे विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में स्थानीय लोगों के योगदान को जानने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनमें देशभक्ति की भावना को भी मजबूत करती हैं।

क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के योगदान, त्याग एवं बलिदान की गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं छायाचित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को इतिहास को करीब से समझने का अवसर मिलता है।

प्रदर्शनी में स्वामी दीक्षानंद कन्या गुरुकुल घिराय, सेंट मैथ्यूज स्कूल चानौत, एल.आर.एम. हाई स्कूल चानौत तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिंघड़ के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने भाग लिया। चानौत से आए विद्यार्थियों ने अपने गांव के स्वतंत्रता सेनानी बजे सिंह के बारे में जानकारी प्राप्त कर गर्व महसूस किया और जाना कि उनके गांव के लोगों ने भी देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

विभाग के रिसोर्स पर्सन राजकुमार जांगड़ा ने विद्यार्थियों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित स्वतंत्रता सेनानियों, ऐतिहासिक घटनाओं एवं दस्तावेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आसपास के गांवों के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने कठिन परिस्थितियों में देश की आजादी के लिए संघर्ष किया, जिसे जानकर हमें गौरव की अनुभूति होती है।

दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. उमाशंकर सिंह ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी विद्यार्थियों और आमजन को इतिहास से जोड़ने की सशक्त कड़ी के रूप में कार्य करती है।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या राजबाला, इतिहास प्रवक्ता मनोज मुंड, विजेन्द्र सिंह नैन, शिक्षा, मुकेश राणा, विनोद प्रभाकर, नरेंद्र कुमार सहित विद्यालय स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, पंचायत सदस्य, अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय बीटन में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पैग़ाम-ऐ-जगत/हरोली/ऊना
19 अगस्त (राजबीर चोपड़ा)

संत बाबा दंगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में यूथ रेड क्रॉस क्लब, रोवर एवं रेंजर यूनिट, राष्ट्रीय सेवा योजना, एंटी ड्रग सेल तथा इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 19 अगस्त 2026 को प्रातः 11:30 बजे कक्ष संख्या 02 में किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत 18 एवं 19 अगस्त 2026 को विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के सदस्यों द्वारा नशे के विरुद्ध ई-प्लेज (ड्र-ड्ढद्गस्रद्ब) भी लिया गया। इस ई-शपथ के माध्यम से प्रतिभागियों ने नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों एवं शराब के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में नशे के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. बुद्धा राम, नोडल ऑफिसर, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब ने बी.के. आशा, सेंटर इंचार्ज, ब्रह्माकुमारीज, रक्कड़ कॉलोनी, ऊना (हि.प्र.) तथा उनकी टीम का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने नशा मुक्ति के क्षेत्र में ब्रह्माकुमारीज द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमिक्षा गुप्ता ने संसाधन व्यक्तियों एवं उनकी टीम का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं समाज में भी नशा मुक्ति का संदेश फैलाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं नशा मुक्त युवा ही एक स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर बी.के. आशा, सेंटर इंचार्ज, ब्रह्माकुमारीज, रक्कड़ कॉलोनी, ऊना के विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्म-अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. शिवेंद्र श्रीवास्तव, हस्र प्रभारी, तथा सभी संबंधित क्लबों एवं इकाइयों के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बुद्धा राम ने ब्रह्माकुमारीज, रक्कड़ कॉलोनी, ऊना की पूरी टीम का विद्यार्थियों को प्रेरित करने तथा नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था कि 'नशे से मुक्त युवा ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला हैं।'

हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र, महेंद्रगढ़ द्वारा 'गौशालाओं में नस्ल सुधार संगोष्ठी' का सफल आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत
हरियाणा/नारनौल
(दिनकर गावड़ी)

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो.(डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के निर्देशानुसार 'गौशालाओं में नस्ल सुधार संगोष्ठी' का भव्य आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का आयोजन हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र, महेंद्रगढ़ तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग, महेंद्रगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किसान कॉन्फ्रेंस हॉल, नारनौल में किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'श्रेष्ठ आनुवांशिकी, श्रेष्ठ गौवंश' रखा गया, जिसका उद्देश्य गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना और वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से गोवंश का संवर्धन करना है। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. देवेंद्र सिंह व डॉ. ज्योति शुंठवाल, वैज्ञानिक, हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र, महेंद्रगढ़ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, लुवास हिसार के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा जी रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संदीप कुमार गुप्ता, अनुसंधान निदेशक लुवास हिसार, डॉ. नसीब सिंह, डिप्टी डायरेक्टर पशु पालन विभाग, डॉ. दिनेश मित्तल, क्षेत्रीय निदेशक, हरियाणा पशु विज्ञान केन्द्र, महेंद्रगढ़, अनिल (प्रांत सहसंयोजक, गौसेवा गतिविधि), कप्तान हंसराज (जिला संघचालक, महेंद्रगढ़) और अरुण कौशिक (जिला गौसेवा संघ, महेंद्रगढ़) ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए और कुलपति महोदय ने गौशाला प्रतिनिधियों के साथ जानकारी साझा करते हुए बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र रेवासा के साथ-साथ नारनौल में पशु रोग जांच प्रयोगशाला भी है इसके साथ ही पशुपालक लुवास के सोशल मीडिया , व्हाटसअप परामर्श सेवा का भी उपयोग कर सकते है ।

संगोष्ठी के दौरान तकनीकी सत्र का संचालन करते हुए डॉ. ज्योति शुंथवाल (वैज्ञानिक, एचपीवीके, महेंद्रगढ़) ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और गौशालाओं के विशेष संदर्भ में 'किफायती आहार निर्माण' पर विस्तृत एवं उपयोगी व्याख्यान दिया। उन्होंने कम लागत में पशुओं के बेहतर पोषण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के व्यावहारिक वैज्ञानिक उपाय साझा किए। इसके पश्चात, डॉ. दविंदर सिंह द्वारा एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र का संचालन किया गया, जिसमें उपस्थित गौशाला कार्यकताओं और पशुपालकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। पशुपालन विभाग के कार्यों और योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उपनिदेशक पशुपालन विभाग, डॉ. नसिब सिंह जी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में श्री अरुण कौशिक जी ने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों और दूर-दराज से पधारे गौशाला कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में गौशाला प्रतिनिधि, पशुपालक और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन गोवंश सेवा और अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

भूमि इंतकाल से संबंधित मामलों का तेजी से करें निपटारा : डीसी राहुल नरवाल

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

उपायुक्त राहुल नरवाल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि इंतकाल (म्यूटेशन) से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर तेजी से निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

- **भूमि रजिस्ट्री का कार्य 5 दिन से अधिक लंबित न रखने के निर्देश, लंबित जमाबंदी का कार्य भी शीघ्र पूरा करवाएं**

उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े राजस्व मामलों के निपटारे में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए। भूमि रजिस्ट्री का कार्य भी पांच दिन से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए तथा निर्धारित समयावधि में मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

डीसी राहुल नरवाल बुधवार को जिला सचिवालय परिसर में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने जिले में भूमि इंतकाल, पेपरलेस डीड रजिस्ट्रेशन, पेपरलेस डिमार्केशन, जमाबंदी तथा अन्य राजस्व मामलों की प्रगति की समीक्षा की।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि इंतकाल से संबंधित सभी लंबित मामलों की नियमित रूप से समीक्षा की जाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी जमीन से संबंधित कार्यों के लिए कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए राजस्व सेवाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध उपलब्ध करवाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों की जमाबंदी का कार्य अभी लंबित है, उसे भी शीघ्र पूरा करवाया जाए। बैठक में संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जिले में मिर्जपुर गांव की जमाबंदी का कार्य लंबित है, जिसे तेजी से पूरा करवाया जा रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मिर्जपुर गांव की जमाबंदी का कार्य भी जल्द पूरा करवा दिया जाएगा।

डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि पटवारियों के बैठने की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों के लिए आमजन को सुविधा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटवारियों के लिए किराये पर उपयुक्त भवन की तलाश की जाए, जहां सभी पटवारी एक ही स्थान पर बैठकर राजस्व से संबंधित कार्य कर सकें। इससे लोगों को अपने कार्य के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और राजस्व सेवाओं का बेहतर समन्वय भी सुनिश्चित होगा।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजस्व विभाग से संबंधित सभी कार्यों को व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जाए। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित मामलों की निगरानी करने तथा निर्धारित समय सीमा में उनका निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

उपायुक्त ने जिला सचिवालय परिसर में आईटी सेल स्थापित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों को ऑनलाइन एवं तकनीकी माध्यम से तेजी से पूरा करने के लिए आईटी सुविधाओं को मजबूत किया जाना जरूरी है। आईटी सेल स्थापित होने से ऑनलाइन रिकॉर्ड, डिजिटल सेवाओं तथा अन्य तकनीकी कार्यों के निपटारे में तेजी आएगी और अधिकारियों को भी कार्यों की निगरानी करने में सुविधा होगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से पेपरलेस डीड रजिस्ट्रेशन, पेपरलेस डिमार्केशन, इंतकालों के निपटारे, जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविरों में तय किए गए इंतकालों, लार्ज स्केल मैपिंग, राजस्व न्यायालयों के मामलों, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत मध्यस्थता मामलों, जमाबंदी तथा राजस्व रिकॉर्ड के मानकीकरण की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों में तेजी लाने तथा लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना है। इसलिए सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद के एसडीएम विकास यादव, तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार बिढान, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित जिले के सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

बेलिंग मशीन व सुपर सीडर के आवेदकों का 21 अगस्त को होगा ऑनलाइन ड्रा

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी(दिनकर गावड़ी)

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हांसी की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन योजना वर्ष 2026-27 के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। बेलिंग मशीन व सुपर सीडर के आवेदकों का ऑनलाइन ड्रा 21 अगस्त 2026 को दोपहर 3:30 बजे लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष, द्वितीय तल, हांसी में आयोजित किया जाएगा।

उप कृषि निदेशक, हिसार बाबू लाल ने बताया कि उपायुक्त हांसी राहुल नरवाल के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हांसी लक्षित सरीन की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए पात्र किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध करवाकर पराली जलाने की समस्या को कम करना तथा फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत हांसी जिले में विभिन्न 16 प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए कुल 687 किसानों ने 3 अगस्त 2026 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए हैं। इनमें से बेलिंग मशीन तथा सुपर सीडर के लिए प्राप्त आवेदनों का चयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।

कृषि विभाग के एसडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि बेलिंग मशीन के लिए विभाग को कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, सुपर सीडर के लिए प्राप्त 596 आवेदनों में से हांसी जिले के निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 102 पात्र आवेदकों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। इसी प्रकार 7 बेलिंग मशीनों के पात्र आवेदकों का चयन भी ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के सभी पात्र आवेदक किसानों को बिना ड्रा के ही कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु मान्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कुल पात्र आवेदकों में से 30 प्रतिशत आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के तहत अन्य किसी कृषि यंत्र के लिए कोई अलग ड्रा नहीं किया जाएगा।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि ऑनलाइन ड्रा की प्रक्रिया में भाग लेने वाले संबंधित आवेदक किसान निर्धारित समय पर लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष, द्वितीय तल, हांसी में पहुंचना सुनिश्चित करें। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे ड्रा की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित रहें और विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध करवाने का उद्देश्य फसल अवशेषों के वैज्ञानिक एवं प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा देना है, ताकि किसान पराली जलाने के बजाय कृषि यंत्रों की सहायता से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन कर सकें।

भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा द्वारा भारत माता की चौकी एवं देशभक्ति संध्या का भव्य आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
19 अगस्त (प्रवीण वालिया)

भारत विकास परिषद, कृष्ण शाखा, करनाल द्वारा सनातन धर्म मंदिर, कुंजपुरा रोड, करनाल में भव्य 'भारत माता की चौकी एवं देशभक्ति संध्या' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रभक्ति के वातावरण को और अधिक जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देशभक्ति संगीत रहा। भारत विकास परिषद, कृष्ण शाखा के अनेक सदस्यों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत किया। इसके साथ ही सुषमा म्यूजिक अकादमी से आए कलाकारों एवं सदस्यों ने भी एक से बढ़कर एक रंगारंग देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिन पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष से गूंजता रहा। देशभक्ति गीतों और संगीत की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावपूर्ण एवं जोश से भर दिया। मुख्य अतिथि शिवनाथ कपूर जी ने अपनी उपस्थिति से सदस्यों का प्रोत्साहन बढ़ाया ।

कार्यक्रम में शाखा सदस्यों के साथ उनके परिवारों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सभी ने मिलकर स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र के प्रति अपना सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में शाखा अध्यक्ष श्रीमती सोनिया मेहता एवं शाखा सचिव श्रीमती सुमन अरोड़ा का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। उनके नेतृत्व में शाखा के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसे सभी ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। भारत विकास परिषद, कृष्ण शाखा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्रप्रेम, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण बना। कार्यक्रम ने उपस्थित सभी लोगों के मन में देश के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना को और मजबूत किया।

मोहाली के नए सेक्टरों को सी टी यू बस रूटों से जोड़ने की मांग

चंडीगढ़, 19 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **भाजपा नेता हरदेव सिंह उभा ने ट्रांसपोर्ट विभाग के सचिव को मांग पत्र दिया**

मोहाली में लोकल पब्लिक ट्रांसपोर्ट की कमी के कारण आम लोगों और खास तौर पर चंडीगढ़ में नौकरी करने वालों, सचिवालय, पी जी आई और चंडीगढ़ बस स्टैंड आने-जाने वाले मोहाली वासियों को पेश आ रही समस्याओं के हल के लिए भाजपा पंजाब के सीनियर नेता हरदेव सिंह उभा द्वारा नगर निगम मोहाली के वार्ड नंबर 41 की कांउसलर श्रीमती गुरप्रीत कौर उभा के साथ चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट विभाग के सचिव श्री अविकेश गुप्ता से मुलाकात की और मांग पत्र देकर मांग की कि मोहाली के नए सेक्टरों को सी टी यू बस रूटों के साथ जोड़ने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए।

पत्र में कहा गया है कि मोहाली के तेजी से बढ़ाना समय की प्रमुख जरूरत है। पत्र में मांग की गई है कि मोहाली में सी टी यू की लोकल बस सेवा का विस्तार करके पहले से चल रहे बस रूटों को मोहाली के अन्य सेक्टरों के साथ जोड़ा जाए और नए रूट शुरू किए जाएं।

श्री उभा ने विशेष रूप से वेव एस्टेट सेक्टर-85-86, सेक्टर-88, सेक्टर-99-98, सेक्टर-80 और सेक्टर-105 के लिए नए सी टी यू बस रूट शुरू करने और जरूरत के अनुसार नए बस स्टॉप बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के बड़ी संख्या में निवासियों को रोजाना चंडीगढ़ आना-जाना पड़ता है।

उभा ने कहा कि मोहाली से हर रोज हजारों व्यावसायिक क्षेत्रों में जाते हैं। विशेष रूप से चंडीगढ़ में नौकरी करने वाले लोगों के लिए नियमित और किफायती बस सेवा की कमी के कारण उन्हें निजी वाहनों या अन्य महंगे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। सीटीयू की बेहतर सेवा से लोगों को आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।

श्री उभा ने बताया कि उनकी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद ट्रांसपोर्ट सचिव श्री अविकेश गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए और मांगों के संबंध में जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सीटीयू को जल्द ही बसों की नई खेप मिलने वाली है और इसके बाद मोहाली के लिए नए रूटों और बस

नवरात्रों में श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

नवरात्रों के पावन अवसर पर ईक तेरा सहारा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से होशियारपुर बस स्टैंड पर माता चिंतपूर्णी के दरबार में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लंगर का आयोजन किया गया। यह लंगर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक लगातार चलता रहा।

इस दौरान श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार के प्रसाद एवं भोजन ग्रहण किया और सोसाइटी के इस सेवा कार्य की सराहना की।

सोसाइटी के प्रधान सौरव ओर से श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से लंगर लगाया जाता है। इस वर्ष भी सोसाइटी के सभी सदस्यों की सेवा के लिए यह आयोजन किया।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा करना सोसाइटी के लिए सौभाग्य की बात है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर पंकज मेहंदीरत्ता, राघव मेहताणी, राहुल, सनी कुमरा, ऋषि कुमरा, संजय नागला, हजारीलाल, तरुण खोसला, संदीप, जीनी, प्रदीप, गूरी, मनोज, रजत, सागर, जस्सी कनाड्ढ, मनोज

डीसी डॉ. विवेक भारती ने रतिया उपमंडल की राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में लंबित कार्यों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया
19 अगस्त (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय के एसडीएम कार्यालय में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंतकाल, डिजिटल क्रॉप सर्वे, तहीमा कटिंग तथा राजस्व विभाग से संबंधित अन्य लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान एग्री-स्टैक आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए तथा लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके, इसके लिए उनकी एग्री-स्टैक आईडी से संबंधित प्रक्रिया में किसी प्रकार की

अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

इंतकाल के लंबित मामलों पर विशेष ध्यान

डीसी ने कहा कि सभी पटवारियों के कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा होनी चाहिए। जिन मामलों में अनावश्यक देरी हो रही है, उन्हें प्राथमिकता से निपटाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में लंबित कार्य पूरे करवाए जाएं। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पटवारियों के कार्य की व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करें और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित कर्मचारियों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान करवाएं।

डिजिटल क्रॉप सर्वे की तैयारियों की समीक्षा

इस दौरान डिजिटल क्रॉप सर्वे की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। डीसी ने निर्देश दिए कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य निर्धारित समय के अनुसार प्रारंभ करवाया जाए तथा सभी संबंधित पटवारियों एवं राजस्व कर्मचारियों को इसके लिए पहले से तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से संबंधित कार्य में जिला स्तर पर किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। संबंधित अधिकारी प्रतिदिन कार्य की प्रगति की समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि जिला स्तर पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य आगे बढ़ रहा है।

अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि एग्री-स्टैक आईडी, इंतकाल, डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा अन्य राजस्व कार्यों की नियमित आधार पर मॉनिटरिंग की जाए। संबंधित अधिकारी लंबित मामलों की सूची तैयार रखें और प्रत्येक मामले की स्थिति की नियमित समीक्षा करें। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

निर्वाचन आयोग की समय-सारिणी के अनुसार पूरी करें पुनरीक्षण प्रक्रिया: डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती

मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए अधिकारी करें प्रभावी निगरानी: डीसी डॉ. विवेक भारती

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया
19 अगस्त (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए दावे-आपत्तियों तथा नोटिस चरण से संबंधित कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरी गंभीरता के साथ किया जाए। बीएलओ प्रत्येक नोटिस संबंधित मतदाता तक पहुंचाएं तथा 25 अगस्त तक आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करना सुनिश्चित करें। पात्र नागरिकों, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, से फॉर्म-6 भरवाकर 30 अगस्त तक आवेदन करवाया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी बुधवार को रतिया एसडीएम कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में दावे-आपत्तियों एवं नोटिस चरण के कार्यों की समीक्षा के लिए ईआरओ, एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ एवं सुपरवाइजरों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

प्रत्येक नोटिस का हो गंभीरता से सत्यापन

डीसी ने निर्देश दिए कि बीएलओ अपने-अपने बूथ क्षेत्र में नोटिस वितरण का कार्य प्राथमिकता से पूरा करें और संबंधित मतदाताओं से निर्धारित समय में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनकी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार जांच करें। किसी भी पात्र मतदाता को अनावश्यक परेशानी न हो तथा अपात्र प्रविष्टि उचित सत्यापन के बिना सूची में न रहे। सभी बीएलओ अपने क्षेत्र की प्रगति का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखें।

एईआरओ प्रतिदिन लें प्रगति रिपोर्ट

डॉ. विवेक भारती ने एईआरओ को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन बीएलओ से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करें तथा आवश्यकतानुसार बैठक कर कार्य की समीक्षा करें। जिन बूथों पर कार्य की गति धीमी है, वहां तत्काल मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर वास्तविक कार्य की निगरानी की जाए। एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ एवं सुपरवाइजर नियमित फील्ड विजिट कर कार्य की समीक्षा करें।

नए मतदाताओं के पंजीकरण पर दें विशेष ध्यान

डीसी ने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर चुके पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे नागरिकों से फॉर्म-6 भरवाकर 30 अगस्त तक आवेदन करवाएं। कॉलेजों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को भी मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना निर्वाचन तंत्र की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

माइक्रोमैनेजमेंट से करें बूथवार निगरानी

डॉ. विवेक भारती ने कहा कि बीएलओ एवं सुपरवाइजर बूथवार माइक्रोमैनेजमेंट के आधार पर कार्य करें। प्रत्येक बूथ पर लंबित नोटिस, प्राप्त दस्तावेज, दावे-आपत्तियां एवं नए मतदाता पंजीकरण की स्थिति स्पष्ट रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। सुपरवाइजर अपने अधीन बीएलओ के साथ नियमित बैठक कर प्रगति की समीक्षा करें और किसी भी समस्या का समय रहते समाधान करवाएं।

30 अगस्त तक दावे-आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे नागरिक

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण की अर्हता तिथि 1 जुलाई 2026 है तथा ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 31 जुलाई 2026 को किया गया है। दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक निर्धारित है। नोटिस चरण तथा दावे-आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 31 जुलाई से 28 सितंबर 2026 तक चलेगी, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 3 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, डीएमसी प्रवीण कुमार, चुनाव नायब तहसीलदार राजकुमार सहित ईआरओ, एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मईया जी असी नौकर तेरे वैष्णो धाम प्रबंधकों ने मेयर परवीन सैनी को किया सम्मानित

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

मईया जी असी नौकर तेरे वैष्णो धाम भरवाई रोड मंदिर के प्रबंधकों की तरफ से नगर निगम के नवनियुक्त मेयर परवीन लत्ता सैनी से भेंट की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान श्याम लाल ने कहा कि मैडम परवीन सैनी लंबे समय से पार्षद के रुप में अपने वार्ड एवं शहर की सेवा करती आ रही हैं और उन्हें मेयर बनाकर शहर निवासियों का मान बढ़ाया गया है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि मेयर बनने उपरांत वह शहर की जटिल समस्याओं का समाधान करवाने में जरुर सफल होंगी। इस अवसर पर मेयर परवीन सैनी ने उनका अभिवादन स्वीकार करते हुए विश्वास दिलाया कि शहर की बेहतरी के लिए सभी के सहयोग एवं परामर्श से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर की तरफ से सचिव विजय कश्यप, कोषाध्यक्ष कुलदीप मल्होत्रा, मीडिय प्रभारी अश्वनी शर्मा छोटा एवं करमजीत सैनी मौजूद थे।

हल्का विधायक कुलवंत सिंह की अगुवाई में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री अमृतसर साहिब के लिए तीन बसें रवाना

एस.ए.एस. नगर, 19 अगस्त (पैगाम-ऐ-जगत)

हल्का मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह द्वारा पंजाब सरकार द्वारा सूबे के सीनियर सिटीजन के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विधान सभा हल्का मोहाली में 3 बसों को श्री अमृतसर साहिब की यात्रा के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया गया। ये बसें गुरुद्वारा सेक्टर-78, सेक्टर-66 और गांव सफीपुर से रवाना हुईं। इन बसों में सवार श्रद्धालु श्री अमृतसर साहिब में श्री दरबार साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ बाल्मीक मंदिर, बाघा बॉर्डर और जलियांवाला बाग के दर्शन करके वापस लौटेंगे। इस मौके बात करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि यात्रा को लेकर जहां रजिस्ट्रेशन करवाने को लेकर संगतों में भारी बढ़ती जा रही है, वहीं संगतों में पाया जा रहा उत्साह भी देखते ही बनता है। उन्होंने कहा कि श्री अमृतसर साहिब में हर कोई अपने आस्था के मुताबिक गुरुद्वारा साहिब और मंदिर जाकर नतमस्तक होता है, उसके बाद वह राम तीर्थ बाल्मीकि मंदिर और फिर बाघा बॉर्डर और जलियांवाला बाग के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु संगत के रूप में जाते हैं और इस पूरी यात्रा के दौरान सीनियर सिटीजन की सुविधा के लिए जहां डॉक्टर की टीम और गाइड भी मौजूद रहता है ताकि वह इन ऐतिहासिक गुरुधामों के बारे में विस्तार से जानकारी सीनियर सिटीजन को उपलब्ध करवा सकें। इस मौके मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के हल्का कोऑर्डिनेटर और स्टेट अवॉर्डी फूलराज सिंह ने भी संबोधन किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता और प्रसिद्ध समाज सेवी कुलदीप सिंह समाना, नगर निगम मोहाली के डिप्टी मेयर हरपाल सिंह चन्ना, अकविंदर सिंह गोसल, अमरजीत सिंह सिद्धू, करमजीत कौर कार्डसेलर, जगदीश सिंह सोहाना, ज्ञान कौर सरपंच सफीपुर, करमजीत सिंह काला सफीपुर, दविंदर सिंह सरपंच, करमजीत कुमार बिट्टू सरपंच, बलजीत सिंह हैप्पी, प्रगट सिंह, नवतेज सिंह, गुर ध्यान सिंह, हरबचन सिंह ग्रेवाल भी हाजिर थे।

राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया राहतकर की ओर से केंद्रीय जेल का दौरा

महिला कैदियों से की मुलाकात, मुख्यधारा में बेहतर जिंदगी के लिए किया प्रेरित

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया राहतकर ने अपने दौरे के दौरान आज स्थानीय केंद्रीय जेल पहुंचकर महिला कैदियों से मुलाकात करके उन्हें अपनी सजा खत्म होने के बाद मुख्यधारा में बेहतर जिंदगी जीने के लिए प्रेरित किया और बाद में जिला प्रशासन से मीटिंग करके जिले में महिलाओं से संबंधित चल रहे कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की।

चेयरपर्सन ने अधिकारियों को महिलाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों, पुनर्वास, आर्थिक सशक्तिकरण और कमजोर वर्गों की महिलाओं की चहुंमुखी कल्याण व विकास की जरूरत पर अधिक जोर देने की ताकीद की। केंद्रीय जेल के दौरे के दौरान चेयरपर्सन विजया राहतकर ने जेल सुपरिटेंडेंट हरचरन सिंह गिल, अतिरिक्त सुपरिटेंडेंट हरभंस सिंह, डिप्टी सुपरिटेंडेंट आशा रानी और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि महिला कैदियों को सजा पूरी होने के बाद अपने बेहतर भविष्य के साथ-साथ समाज में अपने बच्चों की तरक्की की ओर भी ध्यान देना चाहिए और स्वरोजगार के उद्यम अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विकास और कल्याणकारी पहलों के तहत महिलाओं को जरूरी सहायता दी जा रही है, ताकि वे अपनी रोजी-रोटी कमा सकें।

चेयरपर्सन ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल में बंद महिलाओं को नशे जैसे समाज विरोधी धंधे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि यह न केवल युवा पीढ़ी के लिए नुकसानदायक है, बल्कि उनके अपने भविष्य को भी दागदार बनाती है। उन्होंने कैदियों से जेल में पेश किसी भी समस्या के बारे में भी पूछा, जिस पर कैदियों द्वारा आवास, खान-पान और स्वास्थ्य सेवाओं सहित दी जा रही सुविधाओं की सराहना करने पर चेयरपर्सन ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कैदियों को मुफ्त कानूनी सहायता देने और पुनर्वास के साथ-साथ कौशल विकास से संबंधित पहलों को और मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया, ताकि कैदी आत्मनिर्भर बन सकें और सजा पूरी होने के बाद सम्मान के साथ समाज की मुख्यधारा में फिर से शामिल हो सकें। उन्होंने जेल में अपनी माताओं के साथ रह रहे नवजात

बच्चों और छोटे बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और उनकी देखभाल, पोषण, सुरक्षा तथा समग्र भलाई के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया।

इसके बाद चेयरपर्सन ने डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन और एसएसपी संदीप कुमार मलिक के नेतृत्व में जिला प्रशासन के अधिकारियों से जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स में विस्तृत विचार-विमर्श किया। डिप्टी कमिश्नर ने आयोग को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में महिलाओं की भागीदारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में महिलाओं की भागीदारी 67 प्रतिशत रही। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्टैंड-अप इंडिया (महिला उद्यमियों), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर (सखी) और पीओएसएच एक्ट संबंधी कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी। चेयरपर्सन ने जिले में महिला केंद्रित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली की सराहना की।

चेयरपर्सन ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन शोषण (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। इसमें कानूनी आवश्यकताओं का पालन, आंतरिक समितियों की कार्यप्रणाली और कार्यस्थलों पर मौजूद शिकायत निवारण प्रणालियों के बारे में जागरूक करने संबंधी भी हिदायत दी।

डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी से बातचीत के दौरान चेयरपर्सन ने महिलाओं के लिए और अधिक अवसर, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी हिस्सेदारी बढ़ाने तथा उनकी लीडरशिप के दायरे को और बढ़ा करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह बड़ी तसल्ली की बात है कि होशियारपुर की मेयर भी महिला हैं और जिला प्रशासन में विभिन्न पदों पर महिलाएं काम कर रही हैं, जो अपने आप में महिला सशक्तिकरण की मिसाल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और अपराध के मामलों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिला अधिकारों की पूरी गंभीरता से रक्षा की जानी चाहिए। एसएसपी संदीप कुमार मलिक ने आयोग को बताया कि जिला पुलिस द्वारा पहले ही एक समर्पित महिला हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, जहां महिलाएं अपनी समस्याएं दर्ज करवा सकती हैं। इसके अलावा 'महिला मित्र' की शुरुआत की गई है, जो स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर नियमित रूप से जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक कर रही है।

चेयरपर्सन ने अधिकारियों को महिलाओं से संबंधित सभी योजनाओं का ऑडिट शुरू करने, महिला केंद्रित योजनाओं और कल्याणकारी पहलों की डिजिटल निगरानी करने, महिलाओं को समाज में अपराध और शोषण से सुरक्षित रखने तथा महिला कल्याण संबंधी प्रयासों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 50 से अधिक महिलाओं की शिरकत वाली जागरूकता कार्यशाला भी करवाई गई। इस मौके पर महिलाओं ने अपने उत्पाद और रोजी-रोटी से संबंधित पहलें प्रदर्शित कीं। बैठक में मेयर प्रवीण सैनी, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) राकेश कुमार मीणा, एसपी नवनीत कौर और जिला कार्यक्रम अधिकारी गगनदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले ही महंगाई का झटका

एस.ए.एस. नगर, 19 अगस्त (पैगाम-ऐ-जगत)

त्योहारी सीजन की शुरुआत से पहले ही महंगाई में काफी ज्यादा वृद्धि हो गई है। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार इन दिनों के दौरान चीनी, गुड़, घी, दालें, मसाले, बादाम, काजू और अन्य ड्राई फ्रूट के भाव में एकदम तेजी आ गई है, जिसका असर त्योहारी सीजन पर भी पड़ेगा। बड़ी संख्या में मिठाइयों में ड्राई फ्रूट डाले जाते हैं, जिस कारण इन मिठाइयों के भी महंगा होने की संभावना बन गई है।

ड्राई फ्रूट के महंगा होने का कारण यह भी बताया जा रहा है कि दूसरे देशों से ड्राई फ्रूट की सप्लाई कम हो रही है, जबकि त्योहारी सीजन नजदीक होने के कारण भारत में ड्राई फ्रूट की मांग बढ़ गई है। इस कारण ड्राई फ्रूट की कीमतें बढ़ गई हैं। पंजाब के विभिन्न इलाकों में सब्जियों और फलों की कीमतों में काफी वृद्धि हो गई है। इस समय कद्दू और लौकी 80 से 100 रुपये प्रति किलो, टमाटर 80 रुपये, शिमला मिर्च 120 रुपये, मटर 240 रुपये, मशरूम का पैकेट 50 रुपये, धनिया 400 रुपये प्रति किलो, गोभी 80 रुपये प्रति किलो मिल रही है। इसी तरह प्याज 50 रुपये प्रति किलो और आलू 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। इसी तरह फलों की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई है। पपीता 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जबकि सेब 200 रुपये, कश्मीरी सेब 300 रुपये बिक रहा है। इसी तरह आम, आलूबुखारा, आड़ू की कीमतों में भी बहुत ज्यादा वृद्धि हो गई है और ये फल और सब्जियां आम व्यक्ति की पहुंच से बाहर हो गए हैं।

आम लोग अक्सर महंगाई में वृद्धि को प्राकृतिक घटना समझते हैं पर यह महंगाई सिर्फ सरकार की गलत नीतियों या सरकार के लापरवाह होने से बढ़ती है। भारत में सरकार चाहे किसी भी पार्टी की हो पर हर सरकार व्यापारियों और उद्योगपतियों के पक्ष में नीतियां बनाती हैं, क्योंकि ये उद्योगपति और व्यापारी चुनावों के समय राजनीतिक पार्टियों को फंड देते हैं, जिस कारण सरकार बनने के बाद राज कर रही राजनीतिक पार्टी उद्योगपतियों और व्यापारियों के पक्ष में नीतियां बना कर उन्हें लाभ देती है, जिस कारण ये उद्योगपति और व्यापारी अपने सामान की कीमतों में वृद्धि करके मोटा मुनाफा कमाते हैं। इन व्यापारियों द्वारा बाजार में किसी चीज की नकली कमी पैदा करके भी उसकी कीमतें बढ़ा दी जाती हैं, जिसका सीधा बोझ आम लोगों पर पड़ता है।

हैरानी की बात यह भी है कि दिन-प्रतिदिन बढ़ रही महंगाई के विरुद्ध कोई भी राजनीतिक पार्टी कुछ नहीं बोल रही। केंद्र में कांग्रेस सरकार होने के समय महंगाई के विरुद्ध भाजपा ने देशव्यापी आंदोलन किया था। अब केंद्र में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकार है, पर महंगाई में लगातार वृद्धि हो रही है। महंगाई में वृद्धि संबंधी सत्ताधारी पार्टी के नेता अक्सर अजीब से तर्क देने लगते हैं जबकि महंगाई में लगातार वृद्धि होने के कारण आम लोगों का घरेलू बजट हिल गया है और उनके लिए अपने रोजाना खर्चे करने भी मुश्किल हो गए हैं।

मोहाली में साले द्वारा दोस्त के साथ मिल कर जीजा का कत्ल

एस.ए.एस. नगर, 19 अगस्त (पैगाम-ऐ-जगत)

- जायदाद न मिलने की रंजिश के कारण मृतक के दफ्तर में चाकू मार कर किया कत्ल

थाना सुहाना के अधीन आते सेक्टर 87 में एक व्यक्ति द्वारा अपने दोस्त के साथ मिल कर अपने सगे जीजा का कत्ल करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अमनदीप सिंह के रूप में हुई है जो सेक्टर 87 में प्रॉपर्टी डीलर का दफ्तर चलाता था और उसका कत्ल उसी दफ्तर में हुआ है।

मोहाली के डी एस पी सिटी 2 श्री हरसिमरन सिंह बल्ल के अनुसार मृतक के साले प्रदीप सिंह को इस बात की रंजिश थी कि मृतक अमनदीप सिंह उसके नाम प्रॉपर्टी नहीं होने दे रहा और इसी रंजिश के तहत यह कत्ल किया गया है।

इस संबंध में मृतक की पत्नी रमनदीप कौर ने थाना सुहाना की पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह सेक्टर 66 बी में अपने पति अमनदीप सिंह और दो लड़कियों सहित रह रही है। 2019 में उसका विवाह अमनदीप सिंह के साथ हुआ था और अमनदीप से उसके पास दो बच्चे हैं। उसका और अमनदीप सिंह दोनों का यह दूसरा विवाह है। उसके पहले विवाह का तलाक हो चुका है और अमनदीप का भी पहले विवाह से पत्नी और बच्चों के साथ अभी भी मेलजोल है और वह कई बार अपने बच्चों से मिलने के लिए जाता था।

रमनदीप कौर के मुताबिक उसके पिता की मौत के बाद सारी जमीन जायदाद उसकी माता स्वर्णजीत कौर के नाम हो गई थी। उसकी माता स्वर्णजीत कौर ने उसे सारी प्रॉपर्टी का वारिस इसलिए बनाया हुआ है, क्योंकि उसका भाई प्रदीप सिंह बुरी संगत में पड़ गया था जिस कारण उसकी माता स्वर्णजीत कौर ने उसके भाई प्रदीप सिंह को जमीन जायदाद का वारिस नहीं बनाया। उसकी माता स्वर्णजीत कौर के नाम पर सेक्टर 87 में दो कनाल जमीन है जिसमें उसके पति अमनदीप सिंह ने प्रॉपर्टी डीलर का दफ्तर और फार्म हाउस बनाया हुआ है।

शिकायत में कहा गया है कि इस फार्म हाउस का नाम ओल्ड फार्म हाउस रखा हुआ है जहां उसका पति प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त के काम के लिए मीटिंगें करता है। वह भी इस दफ्तर में हर रोज आती-जाती रहती है। शिकायतकर्ता के अनुसार बीती शाम उसका भाई प्रदीप सिंह अपने दोस्त के साथ उनके सेक्टर 87 मोहाली स्थित दफ्तर में आया और उसके पति अमनदीप सिंह को कहने लगा कि तू मेरी माता की प्रॉपर्टी की वसीयत मेरे नाम नहीं होने दे रहा। इस रंजिश को लेकर उसके भाई प्रदीप सिंह ने अपने डम में से चाकू निकाला और उसके पति पर वार कर दिया।

शिकायतकर्ता के अनुसार उसका पति अपनी जान बचाने के लिए दफ्तर से बाहर पिछले हिस्से की ओर भाग परंतु प्रदीप सिंह और उसका दोस्त उसके पति के पीछे भागे और प्रदीप के दोस्त ने उसके पति को पकड़ लिया। इस दौरान प्रदीप ने उसके पति की गर्दन और शरीर पर चाकू के कई वार किए। प्रदीप के दोस्त ने उसके पति के सिर में रॉड मारी और फिर छाती पर रॉड के कई वार किए। वह अपने भाई को हटाने के लिए सामने आई तो उसका भाई प्रदीप सिंह और उसका दोस्त उनकी इनोवा गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए। उसके द्वारा जानकारों की मदद से घायल अमनदीप सिंह को सुहाना के एक निजी अस्पताल में लाया गया जहां इलाज के दौरान उसके पति अमनदीप सिंह की मौत हो गई।

इस संबंध में डी एस पी सिटी 2 हरसिमरन सिंह बल्ल ने कहा कि पुलिस ने प्रदीप सिंह वासी नानू माजरा और उसके अज्ञात दोस्त के खिलाफ हत्या की धारा 103 और 3(5) बीएनएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल कर रहा रयात बाहडा ग्रुप : गुरविंदर सिंह बाहरा

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

वरिष्ठ पत्रकार दलजीत अजनोहा ने रयात बाहडा ग्रुप के चेयरमैन/चांसलर गुरविंदर सिंह बाहडा के साथ विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लंबे सफर, संस्थानों की स्थापना तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।

गुरविंदर सिंह बाहडा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2000 के आसपास शिक्षा के क्षेत्र में अपनी यात्रा शुरू की और सबसे पहला कैंपस रोपड़ में स्थापित किया। इसके बाद खरड़ और मोहाली सहित विभिन्न स्थानों पर कैंपस खोले गए। बाद में खरड़-मोहाली में रयात बाहडा यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई।

उन्होंने कहा कि उनका संबंध होशियारपुर जिले से है और उनके मन में लंबे समय से इस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कुछ विशेष करने की इच्छा थी। इसी सोच के तहत वर्ष 2008 में होशियारपुर में रयात बाहडा कैंपस की शुरुआत की गई।

उन्होंने बताया कि शुरुआती और

था तथा तकनीकी और प्रोफेशनल शिक्षा की मांग बढ़ रही थी। होशियारपुर क्षेत्र में विशेष रूप से यह आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि लड़कियों के लिए ऐसा सुरक्षित और बेहतर संस्थान हो, जहां वे इंजीनियरिंग तथा अन्य प्रोफेशनल कोर्स कर सकें।

इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रयात बाहडा ग्रुप की ओर से लड़कियों के लिए विशेष इंजीनियरिंग कॉलेज शुरू किया गया, जिसे बड़ी सफलता मिली। उन्होंने कहा कि इस सफलता से संस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिला।

गुरविंदर सिंह बाहडा ने बताया कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव और सिलेबस को लेकर कई सीमाएं थीं। विद्यार्थियों को वर्तमान समय की जरूरतों के अनुसार नए और रोजगारपरक कोर्स उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यूनिवर्सिटी स्थापित करने की आवश्यकता महसूस हुई। इसी सोच के साथ होशियारपुर में रयात बाहडा यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई।

उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में ऐसे नए और आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार के योग्य बनाने में मददगार हैं।

गुरविंदर सिंह बाहडा ने यह ध्यान दिया है। उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों को प्रारंभिक शिक्षा से ही उच्च शिक्षा, कौशल विकास और रोजगारपरक क्षेत्रों के लिए उचित मार्गदर्शन मिल सके। इसी उद्देश्य से होशियारपुर में भी स्कूल शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रयात बाहडा ग्रुप की ओर से बाहडा यूनिवर्सिटी, शिमला, खरड़ स्थित रयात बाहडा यूनिवर्सिटी तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त दूर-दराज के विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुंचाने के लिए क्लाउड यूनिवर्सिटी के नए प्रयास की दिशा में भी काम किया जा रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थी डिग्रीज़ एजुकेशन और आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

गुरविंदर सिंह बाहडा ने कहा कि रयात बाहडा ग्रुप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समय के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक, कौशल और रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह भविष्य में भी

लोक हित मिशन ने दुकानदारों से मांगा पंजाब बंद का समर्थन

खरड़, 19 अगस्त (पैगाम-ऐ-जगत)

कौमी इंसाफ मोर्चे द्वारा दिए गए पंजाब बंद के आह्वान का समर्थन करते हुए लोक हित मिशन, बी के यू पंजाब द्वारा इलाके के दुकानदारों से समर्थन मांगा गया है। इस संबंध में मिशन के नेता रविंदर सिंह बजीदपुर, गुरमीत सिंह सांटू, भगत सिंह भगतमाजरा, कुलवंत सिंह संगतपुरा और गुरशरण सिंह नंगल द्वारा कुराली, माजरी ब्लॉक, सियालबा, खिजराबाद, बूथगढ़, माजरा, मुल्लांपुर, तौबड़ और सहौड़ा बाजार स्थित दुकानदारों और अन्य कारोबारियों से 21 अगस्त के पंजाब बंद का समर्थन करते हुए अपना

फेज 4 के एच एम क्वार्टरों में 315 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगाया गया

एस.ए.एस. नगर, 19 अगस्त (पैगाम-ऐ-जगत)

स्थानीय फेज 4 के एच एम क्वार्टरों में लगातार बढ़ रही बिजली सप्लाई की समस्या को हल करने के लिए वहां 315 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस संबंधी जानकारी देते हुए वार्ड नंबर 9 से अकाली कार्पोरेटर कुलदीप सिंह काका ने बताया कि पहले वहां 200 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था पर लोड ज्यादा का लोड ज्यादा होने के कारण वहां अक्सर ही बिजली के फ्यूज उड़ने और शॉर्ट सर्किट की समस्या बनी रहती थी। उन्होंने कहा कि शिकायतों द्वारा इस संबंध में बार-बार